<u>प्रकाशनार्थ</u>

गोरखपुर, 18 सितम्बर। **स्वस्थ जीवन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। भारत सरकार का स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास इसी उद्देश्य से प्रारम्भ हुआ है। गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय और महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जो कार्य कर रहा है, वह अत्यन्त सराहनीय है।**

उक्त बातें गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय परिसर में आयोजित निःशुल्क बृहद स्वास्थ्य मेला के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए **केन्द्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री श्रीपाद यसो नायक जी** ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र जो योगदान किया जा रहा है अगर राज्य सरकारें उसके अनुरूप नीतियों को ईमानदारी से लागू करके उन कार्यक्रमों को आमजन तक पहुँचा दे तो इस देश का कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में दम नही तोड़ सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान किये जाने के बावजूद राज्य सरकार उसका उचित उपयोग नही कर रही है। उन्होंने गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय और महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय के द्वारा बृहद स्तर पर किये जा रहे स्वास्थ्य मेला आयोजनों एवं इन दोनो चिकित्सालय द्वारा सही, सस्ती एवं विश्वसनीय चिकित्सा के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना की।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर एवं गोरखपुर के सांसद **महन्त योगी आदित्यनाथ जी** ने कहा कि गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय अपनी स्थापना काल से ही आमजन को बिना भेदभाव के सही, सस्ती एवं विश्वसनीय चिकित्सीय सेवा को उपलब्ध करा रहा है। जो लोग चिकित्सालय तक नही आ पाते है उन लोगों के लिए चिकित्सालय निःशुल्क स्वास्थ्य मेला चिकित्सालय परिसर एवं दूरदराज के गांवो में आयोजित करता है। आज का यह स्वास्थ्य मेला 124वां स्वास्थ्य मेला है। यह सिलसिला 2004 से निरन्तर चला आ रहा है। अबतक चिकित्सालय ने विभिन्न स्वास्थ्य मेला के माध्यम से 5 लाख से अधिक मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करवायी है। आज के स्वास्थ्य मेला में लगभग 2260 रोगियों को विभिन्न परामर्श चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया और उन्हे दवा चिकित्सालय की ओर से उपलब्ध करवाया गया। इससे पहले गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) के.पी.बी.सिंह ने स्वागत भाषण दिया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने आभार तथा कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सी0एम0सिन्हा ने की। इस अवसर पर डॉ0 आर0एम0डी0अग्रवाल, डॉ0 कामेश्वर सिंह, डॉ0 शशांक ओझा, डॉ0 वी0के0सिंह, डॉ0 के0के0शाही, डॉ0 नीरज नथानी, डॉ0 गौरव मिश्रा, डॉ0 एम0एल0जायसवाल, डॉ0 ए0के0तिवारी, डॉ0 संतोष तिवारी, डॉ0 नरेन्द्र सिंह, डॉ0 रंजना बाला, डॉ0 पी0एन0जायसवाल, डॉ0 आदित्य पटेल, डॉ0 संतोष कुशवाहा, डॉ0 कर्नल भारत भूषण, डॉ0 शीतल वर्मा, डॉ0 ए0पी0तिवारी, डॉ0 अमिता सिंह, डॉ0 राकेश सिंह, डॉ0 राजीव श्रीवास्तव, डॉ0 रश्मि सिंह, डॉ0 अनूप श्रीवास्तव, डॉ0 एस0के0शर्मा, डॉ0 देवी प्रसाद, डॉ0 मधुसूदन सिंह, डॉ0 राकेश तिवारी सहित चिकित्सालय के पैरामैडिकल स्टाफ उपस्थित था।